महत्वपूर्ण/बैठक

संख्या- 23/भा.स.-32/84-1-13-16 बामा/2012

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-निबन्धक,
राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
उ0प्र0, लखनऊ।

2-नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

3-मुख्य अभियन्ता,
उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम लि0,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 23 सितम्बर, 2013

विषय- उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निकट भविष्य में राज्यों के सचिवों की प्रस्तावित बैठक के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग के अर्ध शासकीय पत्र संख्या- 4(1)/2012(सीपीयू)(पीटी.), दिनॉक 16 सितम्बर, 2013 (प्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित उक्त बैठक के क्रम में दिनॉक 23-9-2013 को अपरान्ह 4.00 बजे एक बैठक विशेष सचिव ((श्री हरि कान्त त्रिपाठी) की अध्यक्षता में नवीन भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में आहूत की गई है। जिसमें निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा:-

(1) भारत सरकार द्वारा अनुदानित धनराशि के सापेक्ष उपयोग की गई धनराशि एवं अवशेष धनराशियों का विवरण तथा उपयोगित धनराशि के सापेक्ष भारत सरकार को प्रेषित किये गये उपयोगिता प्रमाण पत्रों की स्थिति।

(2) 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा कन्ज्यूमर फोरा के सुदृढीकरण हेतु निर्गत नवीनतम गाइड लाइन्स के अनुसार प्रस्तावों की स्थिति।

(3) एन0सी0डी0आर0सी0 के आधार पर राज्य फोरम एवं जिला फोरम के मा0 सदस्यों को दिये जा रहे मानदेय के सापेक्ष सम्मान जनक मानदेय दिये जाने एवं पृथक कैडर बनाये जाने के संबंध में।

(4) प्रदेश में राज्य उपभोक्ता हेल्प लाइन्स की स्थापना की स्थिति।

कृपया उपरोक्त बिन्दुओं पर सुसंगत सूचनाओं सहित निर्धारित समय पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या तथा दिनॉक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद (श्री त्रिपाठी जी)।
2- निजी सचिव, विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद (श्री दुबे जी)।
3- उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-2

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://sbasanadesh.up.nic.in